an>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri Baleshwar Ram, member, 7th Lok Sabha and Shri Jagannath Singh, member, 9th and 12th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे दो पूर्व सदस्यों श्री बालेश्वर राम और श्री जगन्नाथ सिंह के दुःखद निधन के बारे में सभा को सूचित करना है।

श्री बालेश्वर राम बिहार के रोसड़ा संसदीय क्षेत्र से सातवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री बालेश्वर राम ने सन् 1982 से 1983 तक केंद्रीय कृषि और ग्रामीण पुनर्गठन राज्यमंत्री के रूप में कार्य किया।

इससे पूर्व, श्री बालेश्वर राम सन् 1952 से 1977 तक पांच बार बिहार विधान सभा के सदस्य थे और उन्होंने बिहार राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री बालेश्वर राम का 87 वर्ष की आयु में पटना, बिहार में 2 मई, 2015 को निधन हो गया।

श्री जगन्नाथ सिंह ने नौवीं और बारहवीं लोक सभा में मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

श्री जगन्नाथ सिंह नौवीं लोक सभा के दौरान सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति और खाद्य, नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति के सदस्य थे और दसवीं लोक सभा के दौरान रेल संबंधी समिति के सदस्य थे।

श्री जगन्नाथ सिंह सन् 1992 से 1998 तक राज्य सभा के सदस्य थे और चार बार मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। उन्होंने मध्य प्रदेश की सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री जगन्नाथ सिंह का निधन 69 वर्ष की आयु में 3 अगस्त, 2015 को भोपाल, मध्य प्रदेश में हो गया।

हम अपने पूर्व सहयोगियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मैं अपनी और सभा की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी।

11.03 hrs.

The Members then stood in silence for short while.